**प्रसार भारती**
**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.10 रविवार** **दिनांक 03.08.2025**

**मुख्य समाचारः—**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी को अपनाने और स्थानीय उत्पादों का उपयोग करने की अपील की है।**

- **मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने आज रायपुर रेलवे स्टेशन से रायपुर—जबलपुर नई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।**

- **खाद्य तथा औषधि प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश में कल से छह अगस्त तक चलाया जाएगा सघन जांच और जागरूकता अभियान।**

- **राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड द्वारा देशभर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई नीट—पीजी परीक्षा।**

**<u>प्रधानमंत्री—स्वदेशी अपील</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी को अपनाने और स्थानीय उत्पादों का उपयोग करने की अपील की है। उत्तरप्रदेश के वाराणसी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय पूरी दुनिया वैश्विक अर्थव्यवस्था की अस्थिरता के दौर से गुज़र रही है, ऐसे में देश के नागरिक स्वदेशी अपनाने का

संकल्प लें। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को "वोकल फॉर लोकल" का मंत्र अपनाकर "मेक इन इंडिया" उत्पादों को बढ़ावा देने का संकल्प लेने का भी आग्रह किया। श्री मोदी ने व्यापारियों और दुकानदारों से भी केवल स्वदेशी उत्पाद बेचने का संकल्प लेने की अपील की।

**रायपुर–जबलपुर–ट्रेन शुभारंभ**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने आज रायपुर रेलवे स्टेशन से रायपुर–जबलपुर नई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शुभारंभ मौके पर गुजरात के भावनगर में आयोजित मुख्य समारोह से केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और मनसुख मांडविया तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव वर्चुअल रूप से जुड़े। मुख्य समारोह में रीवा–पुणे एक्सप्रेस और भावनगर टर्मिनस–अयोध्या एक्सप्रेस का भी रीवा और भावनगर से शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रायपुर–जबलपुर नई ट्रेन सेवा की सौगात मिलने पर प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सैंतालीस हजार करोड़ रुपए से अधिक की रेल परियोजनाएं संचालित है, जो छत्तीसगढ़ में रेलवे नेटवर्क और यात्री सुविधाओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के बत्तीस रेलवे स्टेशनों को छह सौ अस्सी करोड़ की लागत से सर्वसुविधायुक्त बनाने के साथ ही पूरा कायाकल्प किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रायपुर से जबलपुर के लिए रेल सेवा मिलने से पर्यटन, शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

वहीं, समारोह को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि यह रेलसेवा छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के बीच बेहतर संपर्क का सशक्त माध्यम बनेगी।

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि यह ट्रेन रायपुर से दोपहर दो बजकर पैंतालीस मिनट पर रवाना होकर रात दस बजकर पैंतालीस मिनट पर लगभग आठ घंटे में जबलपुर पहुंचेगी। वहीं, वापसी में यह ट्रेन जबलपुर से सुबह छह बजे रवाना होकर दोपहर एक बजकर पचास मिनट पर रायपुर पहुंचेगी।

**संपूर्णता अभियान–पुरस्कार**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संपूर्णता अभियान में निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आकांक्षी जिलों और विकासखंडों को कल रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन आकांक्षी जिलों और विकासखंडों के लिए छह पैमाने तय किए गए थे।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत की संकल्पना में सभी वर्गों का विकास समाहित है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वालों और विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास की सबसे ज्यादा जरूरत है, जिसे ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री जनमन योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि राज्य में केंद्र सरकार द्वारा घोषित आकांक्षी जिलों और विकासखंडों में शामिल गांव तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

**उपमुख्यमंत्री–लोकार्पण**

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आज बलौदाबाजार जिले में निर्मित अटल परिसर का लोकार्पण किया। उन्होंने अटल परिसर में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण भी किया। साथ ही उपमुख्यमंत्री ने चार करोड़ रूपए से अधिक की लागत से बनने वाले नालंदा परिसर का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने नगर पालिका बलौदाबाजार में विभिन्न विकास कार्यों के लिए पांच करोड़ रुपये देने की घोषणा की।

**उपमुख्यमंत्री–हाट मेला**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा में आयोजित तीन दिवसीय आकांक्षा हाट मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संपूर्णता अभियान के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और फ्रंटलाइन वर्करों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उप मुख्यमंत्री ने स्व सहायता समूह और विभागों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन भी किया। मेले में स्व–सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जा रही है।

गौरतलब है कि संपूर्णता अभियान में कबीरधाम जिले ने पूरे प्रदेश में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया है।

## मुख्यमंत्री–कावड़ यात्रा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर के गुढ़ियारी में आयोजित कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक कर छत्तीसगढ़ की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कहा कि सावन महीने में कांवड़ यात्रा शिवभक्तों की आस्था, भक्ति और समर्पण का प्रतीक है।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## खाद्य विभाग–जांच अभियान

खाद्य तथा औषधि प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश में चार से छह अगस्त तक सघन जांच और जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। ''बने खाबो – बने रहिबो'' के नाम से चलाए जाने वाले तीन दिवसीय इस अभियान का उद्देश्य खाद्य प्रदायकों को एफ.एस.एस.ए.आई. के दिशा–निर्देशों से अवगत कराना, आम जन को स्वच्छ व सुरक्षित भोजन के प्रति जागरूक करना और उनके खान–पान की आदतों को स्वास्थ्य अनुकूल बनाना है। इस अभियान के दौरान राज्य के सभी जिलों और ब्लॉकों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। साथ ही स्ट्रीट

फूड वेंडर्स और खाद्य परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठानों की भी जांच की जाएगी। इसके साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं के माध्यम से मौके पर ही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की जाएगी।

**नीट–परीक्षा**

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड–एनबीईएमएस द्वारा देशभर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में नीट–पीजी परीक्षा आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ में भी मेडिकल विद्यार्थी रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों में शामिल हुए। नीट यूजी के बाद नीट–पीजी की यह परीक्षा भी आज एक ही पाली में आयोजित की गई। यह परीक्षा कंप्यूटर– आधारित रही।

**प्रयोगशाला परिचारक–परीक्षा**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल–व्यापमं रायपुर द्वारा प्रयोगशाला परिचारक के पदों पर भर्ती के लिए आज प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। रायपुर जिले के तैंतीस केंद्रों में आयोजित इस परीक्षा में दस हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए।

**ऑनलाइन–ठगी**

बिलासपुर जिले के सिविल लाईन थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग से संतावन लाख रूपए की ऑनलाइन ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने अज्ञात नंबर से पीड़ित को फोन किया और खुद को पुलिस अधिकारी बताकर उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर डिजिटल अरेस्ट कर लिया। बाद में पीड़ित को पुलिस कार्रवाई से बचाने के नाम पर संतावन लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## उपमुख्यमंत्री–समीक्षा बैठक

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मंत्रालय में नगरीय प्रशासन और विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने तथा स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के कार्यों को प्रभावी तरीके से धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा संचालित ई–गवर्नेंस और मोर संगवारी योजना की समीक्षा करते हुए इनकी प्रक्रियाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए।

वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उपमुख्यमंत्री ने महिलाओं और वंचित वर्गों को स्व–सहायता समूहों के माध्यम आजीविका से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने आत्मसमर्पित माओवादियों को भी समूहों से जोड़कर आयमूलक कार्यों से जोड़ने के निर्देश दिए।

## मौसम

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल प्रदेश के उत्तरी छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम कमजोर पड़ गया है, जिसकी वजह से प्रदेश के ज्यादातर स्थानों में मौसम सामान्य बना रहेगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>